बीईसीसी-101

# कला स्नातक (अर्थशास्त्र ऑनर्स) कार्यक्रम
# (बी.ए.ई.सी.एच.)

## सत्रीय कार्य-2024-25

## पाठ्यक्रम कोड : बी.ई.सी.सी.–101
## पाठ्यक्रम शीर्षक : प्रारंभिक व्यष्टि अर्थशास्त्र

इग्नू जन-जन का विश्वविद्यालय
अर्थशास्त्र संकाय
सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – 110068

# सत्रीय कार्य
# (2024-25)

**प्रिय अध्येता,**

जैसा कि हमने आपको कार्यक्रम-निर्देशिका में सूचित किया था, इग्नू में आपकी प्रगति का मूल्यांकन दो भागों में किया जाता है : (i) सत्रीय कार्यों द्वारा निरंतर मूल्यांकन; और (ii) सत्रांत परीक्षा। आपके संपूर्ण मूल्यांकन में सत्रीय कार्य का भार 30% तथा सत्रांत परीक्षा का भार 70% होता है।

आपको एक 6 क्रेडिट पाठ्यक्रम के लिए 3 या 4 क्रेडिट पाठ्यक्रम के लिए 2 शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य करने हैं। इस सत्रीय कार्य पुस्तिका में आपके कोर पाठ्यक्रम **बी.ई.सी.सी.-101, प्रारंभिक व्यष्टि अर्थशास्त्र** का शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य दिया गया है– यह पाठ्यक्रम 6 क्रेडिट का है। अतः इस पुस्तिका में 3 शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य है जिनके अंकों का योगफल 100 है और भार 30% है।

सत्रीय कार्य-I में विस्तारपूर्ण प्रश्न (DCQs) हैं। इनमें आपको निबंधात्मक उत्तर लिखते हैं जिनमें प्रस्तावना और निष्कर्ष भी होते हैं। इनका लक्ष्य आपकी विषयवस्तु को ठीक से समझ उसे भली प्रकार सुस्पष्ट रूप से व्यक्त रने की क्षमता का मूल्यांकन करना है।

सत्रीय कार्य-II में मध्य स्तर वर्ग (MCQs) के प्रश्न है। यहाँ आपकी विषय की तर्कों के अनुसार व्याख्या करते हुए संगठित उत्तर लिखने की क्षमता का मूल्यांकन किया जाता है। दूसरे शब्दों में, आपकी विभिन्न संकल्पनाओं एवं प्रक्रियाओं में भेद एवं तुलना कर पाने की क्षमता का यहाँ आंकलन किया जाएगा।

सत्रीय कार्य–III में, संक्षिप्त उत्तर वर्ग (SCQs) के प्रश्न हैं। ये आपकी व्यक्तियों, रचनाओं, घटनाओं या संकल्पनाओं एवं प्रक्रियाओं का पुनःस्मरण कर संबद्ध जानकारी को संक्षेप में व्यक्त करने की क्षमता का विकास करेंगे।

सत्रीय कार्य करना आरंभ करने से पूर्व कार्यक्रम निदेशिका के निर्देशों को ध्यानपूर्वक समझ लें। यह बहुत महत्त्वपूर्ण है कि आप अपने शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्यों के प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में दें। आपके उत्तर बताई गई शब्द सीमा में ही होने चाहिए। याद रखें कि इन प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपकी लेखन कला में सुधार होगा और आपकी परीक्षा हेतु तैयारी भी होगी।

आपको सत्रांत परीक्षा में शामिल होने का पात्र बनने के लिए कार्यक्रम निदेशिका में बताई गई समय सीमाओं में ही अपने सत्रीय कार्य जमा कराने होंगे। **ये सत्रीय कार्य अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक के पास जमा करा देने चाहिए।**

**i) जुलाई 2024 सत्र में प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों के लिए सत्रीय कार्य जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च, 2025 है।**

**ii) जनवरी 2025 सत्र में प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों के लिए सत्रीय कार्य जमा कराने की अंतिम तिथि 30 सितंबर 2025 है।**

आपको अध्ययन केंद्र से सत्रीय कार्य जमा करने की रसीद मिलेगी। उसे संभाल कर रखें। संभव हो तो अपने सत्रीय कार्य की एक फोटो प्रतिलिपि भी करा रखें। अध्ययन केंद्र मूल्यांकन के बाद आपके सत्रीय कार्य आपको लौटाएगा। आपको मिले अंक अध्येता मूल्यांकन प्रभाग, इग्नू, नई दिल्ली को भेजें जाएंगे?

हम आशा करते हैं कि आप सभी प्रश्न सत्रीय कार्यों में उनके लिए दिए गए निर्देशों के अनुसार हल करेंगे। इन बातों का ध्यान रखना उपयोगी रहेगा :

1) **नियोजन :** प्रश्नों को ध्यान से देखें और उन इकाइयों को पढ़ें जिन पर वे आधारित है। प्रत्येक प्रश्न के महत्त्वपूर्ण बिंदुओं को लिखकर रखें तथा उन्हें तार्किक क्रम में संयोजित करें।

2) **गठन :** अपने उत्तरों की प्रारंभिक रूपरेखा तैयार करते समय कुछ चयन और विश्लेषण ज़रूर करें। अपनी प्रस्तावना तथा निष्कर्षों पर विशेष ध्यान दें।

   सुनिश्चित करें कि आप के उत्तर :

   (क) तर्काधारित एवं सुसंगतिपूर्ण हों;

   (ख) वाक्यों एवं अनुच्छेदों के बीच स्पष्ट संबंध सूत्र हों, और

   (ग) लिखते समय अभिव्यक्ति, शैली एवं प्रस्तुति पर पर्याप्त ध्यान देते हुए सही उत्तर दिए गए हों।

3) **प्रस्तुति :** जब आप स्वयं संतुष्ट हो जाएं तो जमा कराने के लिए अपने अंतिम साफ-साफ लिखें, जहाँ आवश्यक हो, महत्त्वपूर्ण बिंदुओं को रेखांकित भी करें। यह भी ध्यान रखें कि बताई गई शब्द सीमाओं का अनुपालन हो रहा हो।

# बीईसीसी-101 : प्रारंभिक व्यष्टि अर्थशास्त्र
## शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य

**पाठ्यक्रम कोडः बी.ई.सी.सी.-101**
**सत्रीय कार्य कोड : एएसएसटी / टी.एम.ए. / 2024-25**
**कुल अंक : 100**

## सत्रीय कार्य 1

**निम्नलिखित वर्णनात्मक वर्ग के सभी प्रश्नों का उत्तर 500 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है।**

**2x 20=40**

1) क) एकाधिकार पूर्ण प्रतियोगिता से किस प्रकार भिन्न है? एकाधिकारी फर्म के दीर्घकालीन संतुलन की व्याख्या करें।

   ख) दीर्घकाल में किसी फर्म के घटती प्रतिफल अवस्था के लागू होने के कारणों की व्याख्या करें।

2) क) द्वयाधिकार के अंतर्गत दो फर्में समान औसत लागत (AC) तथा सीमांत लागत (AC=MC=2) पर उत्पादन कर सकती हैं। उनका माँग वक्र हैः

   P=14 -Q जहाँ Q=$Q_1 + Q_2$

   इसमें $Q_1$फर्म एक का उत्पादन है तथा $Q_2$ फर्म दो का उत्पादन है। कूर्नो मॉडल में

   I. दो फर्मों के क्रिया – प्रतिक्रिया फलन ज्ञात करें।
   II. दो फर्मों के लाभ क्या हैं?
   III. अधिकतम लाभ प्रदान करने वाले उत्पादन एवं कीमत स्तर का आकलन करें।

   ख) अल्पाधिकार के अंतर्गत पॉल स्वीजी का किनकी माँग वक्र कीमत स्थिरता को दिखाता है - इस कथन की व्याख्या करें।

## सत्रीय कार्य-2

**निम्नलिखित मध्यम श्रेणी वाले प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 250 शब्दों में देना हैं। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का है। प्रयोगात्मक प्रश्नों के संदर्भ में शब्द सीमा लागू नहीं होगी।**

**3x 10=30**

3. क) आर्थिक लगान क्या है? आर्थिक लगान के रिकार्डियन सिद्धांत की चर्चा करें।

   ख) उत्पत्ति के साधनों की मांग व्युत्पन्न मांग होती हैं-इस कथन की व्याख्या करें।

4 विभिन्न व्यवसायों में मजदूरी दरों में भिन्नता क्यों पायी जाती है? एक स्कूल अध्यापक का वेतन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर के वेतन से कम क्यों होता है?

5) बाह्यतायें क्या हैं? रेखाचित्र की सहायता से व्याख्या करें कि नकारात्मक बाह्यताओं के अंतर्गत उत्पादन अनुकूलतम स्तर पर क्यों नहीं पहुँच पाता?

# सत्रीय कार्य-3

**निम्नलिखित लघु उत्तरीय प्रश्नों का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर का मान 6 अंक का है।** **5x 6=30**

6. अतिरेक क्षमता (Excess capacity) से आप क्या समझते है?

7. आय उपभोग वक्र क्या होता है? एक घटिया वस्तु के लिए आय उपभोक्ता वक्र की रचना करें।

8. अदक्ष बाजार परिस्थितियों के नियमन हेतु सरकारी हस्तक्षेप के लिए कौन से नीतिगत संयंत्र उपलब्ध होते हैं?

9. अर्थशास्त्र में दक्षता की अवधारणा क्या हैं? फर्मों के बीच संसाधनों का दक्षता पूर्ण आबंटन किस प्रकार किया जाता है?

10. अल्पाधिकार बाजार संरचना की विशेषताओं की व्याख्या करें।